राजस्थान सरकार

**न्यायायल उपखण्ड अधिकारी,नीगराना (कोटपूतली–बहरोड) राज0**

पीठासीन अधिकारी : श्री पंकज बड़गुर्जर (आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र सं.: 26/2023

तारीख रजू : 21.06.2023

निर्णय दिनांक : 29.7.2029

उनवान:

1. चिम्मनलाल उम्र 66 वर्ष पुत्र श्री सूरजभान जाति अहीर निवासी ग्राम सलारपुर तहसील नीमराना जिला अलवर राज0 ।

.....पार्टी सं0 1

1. पवन कमार यादव उम्र 44 वर्ष पुत्र श्री पन्नालाल जाति अहीर निवासी ग्राम सलारपुर तहसील नीमराना जिला अलवर राज0 ।
2. सतीश कुमार उम्र 47 वर्ष पुत्र श्री पन्नालाल जाति अहीर निवासी ग्राम सलारपुर तहसील नीमराना जिला अलवर राज0 ।
3. प्रदीप कुमार उम्र 42 वर्ष पुत्र श्री शिवचरण जाति अहीर निवासी ग्राम सलारपुर तहसील नीमराना जिला अलवर राज0 ।
4. तेजसिंह उम्र 39 वर्ष पुत्र श्री शिवचरण जाति अहीर निवासी ग्राम सलारपुर तहसील नीमराना जिला अलवर राज0 ।

....पार्टी सं0 2

बनाम

1. श्रीमान् तहसीलदार साहब नीमराना जिला कोटपूतली–बहरोड राज0 ।

.....अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 48,49 आर0टी0ए0

।। निर्णय ।।

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थना पत्र के संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि खसरा नम्बर हाल 538 रकबा 1.20 है0 वाके ग्राम नीमराना मे स्थित है। जिसमे पार्टी सं0 1 (चिम्मनलाल) हिस्सा–583/6000 यानि 11.66 एयर भूमि का खातेदार मालिक काबिज है।

तथा खसरा नम्बर 535 रकबा 2.18 वाके ग्राम नीमराना मे स्थित है। जिसमे पार्टी सं0 2 के (पवन, सतीश ) प्रत्येक हिस्सा–161/8720 यानि 4.025 एयर भूमि यानि कुल 8.05 एयर भूमि के तथा पार्टी सं0 2 के (प्रदीप,तेजसिंह पुत्र शिवचरण) के पिता शिवचरण पुत्र वंशीधर के नाम से हिस्सा–13/200 यानि 14.17 एयर भूमि की खातेदारी दर्ज है। शिवचरण पुत्र बंशीधर की मृत्यु हो चुकी है जिनके विधिक वारिस पार्टी सं0 2 के प्रदीप,तेजसिंह ही है।

तथा खसरा नम्बर 533 रकबा 1.02 है0 वाके ग्राम नीमराना मे स्थित है जिसमे पार्टी सं0 2 के (पवन, सतीश ) प्रत्येक हिस्सा–1/24 यानि 4.25 एयर भूमि यानि कुल 8.5 एयर भूमि के तथा पार्टी सं0 2 के (प्रदीप,तेजसिंह पुत्र शिवचरण) के मृतक पिता शिवचरण पुत्र वंशीधर के नाम से हिस्सा–299/5100 यानि 5.98 एयर भूमि के खातेदार मालिक काबिज है तथा हम दोनो पार्टीयो द्वारा काश्त की सहूलियत से एवं उन्नत कृषि करने के लिए आपसी सहमती के आधार पर आपस मे जमीन के बदले जमीन देकर इस प्रकार तबादला कर लिया है कि :–

**पार्टी सं0 1** द्वारा खसरा नम्बर 538 रकबा 1.20 है0 मे अपने सम्पूर्ण खातेदारी हिस्सा–583/6000 यानि 11.66 एयर भूमि मे से 292/1200 हिस्सा पार्टी सं0 2 के पवन पुत्र पन्नालाल को 291/1200 हिस्सा पार्टी सं0 2 के सतीश पुत्र पन्नालाल को तथा 292/1200 हिस्सा पार्टी सं0 2 के प्रदीप पुत्र शिवचरण को तथा 291/1200 हिस्सा पार्टी सं0 2 के तेजसिंह पुत्र शिवचरण को दे दिया है

इसकी ऐवज मे **पार्टी सं0 2** के पवन पुत्र पन्नालाल ने खसरा नम्बर 535 रकबा 2.18 है0 मे अपने खतेदारी हिस्सा–161/8720 मे से 291/21800 हिस्सा पार्टी सं0 1 चिम्मनलाल को दे दिया है तथा 111.5/21800 हिस्सा शेष रहेगा।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया ।अप्रार्थी तहसीलदार नीमराना बाद तामिल न्यायालय मे उपस्थित आये तथा जबाब पेश नही किया जाने पर तहसीलदार नीमराना का जबाब बन्द किया जाकर पत्रावली वास्ते बहस नियत की गई ।

तत्पश्चात हमने पार्टी सं0 1,2 के अधिक्ता को सुना, पार्टी सं0 1,2 के अधिवक्ता का कथन है कि दोनो पक्षो द्वारा आपसी काश्त की सहूलियत से जमीन के बदले जमीन देकर आपस मे मौके पर तबादला किया गया है दोनो पक्षो की भूमि की किश्म व कीमत समान है तथा एक ही ग्राम नीमराना तह0 नीमराना मे स्थित है इसलिए पक्षकारान द्वारा किया गया तबादला के मुताबिक राजस्व रिकार्ड मे खातेदारी दर्ज करने की प्रार्थना की गई

हमने पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध जमाबन्दी संवत 2073 से 2076 के मुताबिक दोनो पक्षो द्वारा अपने–अपने खातेदारी की भूमि का आपस मे मौके पर तबादला के आधार पर काबिज है और तबादला के आधार पर ही खातेदारी राजस्व रिकार्ड मे दर्ज करवाने के लिए यह प्रार्थना पत्र पेश किया गया है। खसरा नम्बर 535 मे प्रार्टी सं0 2 के प्रदीप व तेजसिंह के पिता शिवचरण पुत्र बन्शीधर के नाम से खातेदारी दर्ज है। शिवचरण की मृत्यु हो चुकी है जिनके विधिक वारिस प्रदीप व तेजसिंह ही है जो अपने पिता के नाम दर्ज खातेदारी की भूमि पर काबिज है और भूमी का तबादला करने के अधिकार रखते है। इस प्रकार दोनो पक्षो द्वारा अपनी–अपनी खातेदारी की आराजी का जमीन के बदले जमीन देकर यह तबादला किया गया है। जो तबादला को दोनो पक्ष साबित करने मे सफल हुये है। इसलिए प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य पाया जाता है।

**:: आदेश ::**

अतः प्रार्थीगण द्वारा पेश प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 48, 49 आर0टी0ए0 स्वीकार किया जाकर निम्न प्रकार से आदेश दिया जाता है कि :–

(1) खसरा नम्बर हाल 538 रकबा 1.20 है0 वाके ग्राम नीमराना के हिस्सा–583/6000 पर से पार्टी सं0 1 चिम्मनलाल पुत्र सूरजभान का नाम कलमजन किया जाकर उसके स्थान पर हिस्सा–292/12000 पार्टी सं0 2 के पवन पुत्र पन्नालाल के नाम से तथा हिस्सा– 291/12000 पार्टी सं0 2 के सतीश पुत्र पन्नालाल के नाम से तथा हिस्सा–292/12000 पार्टी सं0 2 के प्रदीप पुत्र शिवचरण के नाम से तथा 291/12000 पार्टी सं0 2 के तेजसिंह पुत्र शिवचरण के नाम से खातेदारी मे दर्ज किया जावे।

(2) खसरा नम्बर 535 रकबा 2.18 है0 वाके ग्राम नीमराना के हिस्सा–161/8720 पर से पार्टी सं0 2 के पवन पुत्र पन्नालाल का नाम कलमजन किया जाकर उसके स्थान पर हिस्सा–291/21800 की खातेदारी पार्टी सं0 1 चिम्मनलाल के नाम से एवं शेष हिस्सा–111.5/21800 की खातेदार पार्टी सं0 2 के पवन पुत्र पन्नालाल के नाम शेष रहेगी।

इसी अनुसार खसरा नम्बर 535 रकबा 2.18 है0 वाके ग्राम नीमराना के हिस्सा–13 / 200 पर से पार्टी सं0 2 के प्रदीप व तेजसिंह के पिता मृतक शिवचरण पुत्र वंशीधर का नाम कलमजन किया जाकर तवादला के आधार पर पार्टी सं0 1 चिम्मनलाल पुत्र सुरजभान के नाम से हिस्सा–291 / 21800 की खातेदारी दर्ज किया जावे तथा पार्टी सं0 2 के प्रदीप कुमार पुत्र शिवचरण के नाम से शेष हिस्सा–417.5 / 21800 की खातेदारी तथा पार्टी सं0 2 के तेजसिंह पुत्र शिचरण के नाम से विरासत के जरिये हिस्सा–13 / 400 की खातेदारी दर्ज किया जाने की घोषणा फरमाई जावे।

इसी अनुसार खसरा नम्बर 533 रकबा 1.02 है0 वाके ग्राम नीमराना के हिस्सा–1 / 24 पर से पार्टी सं0 2 के सतीश कुमार पुत्र पन्नालाल का नाम कलमजन किया जाकर उसके स्थान पर हिस्सा–291 / 10200 की खातेदारी पार्टी सं0 1 चिम्मनलाल के नाम दर्ज किया जावे तथा शेष बचा हिस्सा–134 / 10200 की खातेदारी पार्टी सं0 2 के सतीश कुमार पुत्र पन्नालाल के नाम ही रहेगा।

इसी अनुसार खसरा नम्बर 533 रकबा 1.02 है0 वाके ग्राम नीमराना के हिस्सा–299 / 5100 पर से मृतक शिवचरण पुत्र वंशीधर का नाम कलमजन किया जाकर तवादला के आधार पर उक्त खसरा नम्बर के हिस्सा–291 / 10200 की खातेदारी पार्टी सं0 1 चिम्मनलाल पुत्र सुरजभान के नाम से दर्ज किया जावे तथा पार्टी सं0 2 के तेजसिंह पुत्र शिवचरण के नाम से हिस्सा–8 / 10200 की खातेदारी दर्ज किया जावे तथा पार्टी सं0 2 के प्रदीपकुमार पुत्र शिचरण के नाम से हिस्सा–299 / 10200 की खातेदारी दर्ज किया जावे। इसी अनुसार हाल राजस्व रिकार्ड जमावन्दीयात खसरा गिरदावरीजात मे अंकन करने का आदेश दिया जाता है।

निर्णय आज दिनांक 29.7.24 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर, खुले न्यायालय मे सुनाया गया ।

29-7-24

पंकज बडगुजर
(आर.ए.एस)
उपखण्ड अधिकारी
नीमराना (कोटपूतली–बहरोड) राज0